आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 20.10.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं के बेहतरीन समन्वय ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।
- प्रधानमंत्री ने गोवा और कारवार में आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के साथ दीपावली मनाई, कहा –आईएनएस विक्रांत आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का प्रतीक है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के सहस्त्रधारा स्थित मझाड़ा में आपदा प्रभावितों के बीच मनाई दीपावली, कहा– प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है सरकार।
- गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में दीपावली पर्व पर मंदिरों को फूल और रंगोली से सजाया गया है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि तीनों सेनाओं के बीच असाधारण समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को घुटने टेकने पर विवश कर दिया था। प्रधानमंत्री ने यह बातें आज गोवा और कारवार तट पर आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कर्मियों के साथ दीपावली मनाते हुए कहीं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, भारत के सशस्त्र बलों की क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आईएनएस विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है; यह 21वीं सदी के भारत की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आईएनएस विक्रांत आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का विशाल प्रतीक है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि वह नौसैनिकों के साथ पवित्र त्योहार मना रहे हैं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत का रक्षा उत्पादन तीन गुना बढ़कर डेढ़ लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। पिछले 11 वर्षों में हमारा डिफेंस प्रोडक्शन तीन गुना से ज्यादा हो गया है। पिछले साल तक यह रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड रुपए से अधिक पहुंच गया है। 2014 से अब तक भारतीय शिपयार्ड से नौसेना को 40 से ज्यादा स्वदेशी युद्ध पोत और पनडुब्बियां मिले हैं।

गणेश जोशी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज गढ़ी कैंट क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात भारतीय सेना के जवानों से भेंट कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि देश की सीमाओं और सुरक्षा की रक्षा करने वाले हमारे सैनिक ही सच्चे अर्थों में दीपावली के असली नायक हैं। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश दीपावली के त्योहार को अपने परिवारों के साथ मना रहा है, तब हमारे जवान सीमाओं पर और ड्यूटी पर रहकर देश की रक्षा में जुटे हुए हैं। यही भावना राष्ट्र को सशक्त बनाती है। सैनिक मंत्री जोशी ने कहा कि सैनिकों की सेवा और त्याग राष्ट्र के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

चेकिंग अभियान

केदारनाथ धाम में दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी न करने और पटाखे न फोड़ने को लेकर रूद्रप्रयाग पुलिस प्रशासन ने जागरुकता और चेकिंग अभियान चलाया। केदारनाथ धाम क्षेत्र में रुद्रप्रयाग जिला पुलिस और अग्निशमन इकाई के स्तर से स्थानीय व्यापारियों, श्रद्धालुओं को केदारनाथ में पटाखे न फोड़ने और आतिशबाजी न किये जाने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। इसके साथ ही पुलिस व अग्निशमन इकाई की टीमों द्वारा आतिशबाजी की सामग्री व पटाखे आदि की चेकिंग की गयी है। पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने केदारनाथ में उपस्थित लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए धाम में आतिशबाजी न करने तथा दीयों की दीपावली मनाए जाने की अपील की है।

निरीक्षण

दीपों के पर्व –दीपावली– पर मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी, आज देहरादून के सहस्त्रधारा में आपदा–प्रभावित मझाड़ा गाँव पहुँचे, जहाँ उन्होंने काली गाड़, मझाड़ा गाँव, और सहस्त्रधारा क्षेत्र के आपदा–प्रभावितों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्र में चल रहे पुर्ननिर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने आपदा–प्रभावितों के घरों में पहुँचकर महिलाओं, बच्चों, और ग्रामवासियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों की माँग अनुसार अधिकारियों को रिवर ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए। उन्होंने गाँव की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार के निर्माण–कार्य में भी तेज़ी लाने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा–प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण कार्यों को तेज़ी से पूरा किया जाए, जिससे प्रभावितों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के कारण किसी भी परिस्थिति में बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। जिन परिवारों के घर आपदा में क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके लिए वैकल्पिक आवास की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

गंगोत्री और यमुनोत्री धाम

विश्व प्रसिद्ध चारधाम में शामिल गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में दीपावाली पर्व पर मंदिरों को फूल और रंगोली से सजाया गया है। जिससे मंदिर की भव्यता देखते ही बन रही है। इस दौरान दोनों धामों के शीतकालीन कपाट बंद होने की तैयारियां भी पूरी कर ली गई है।

गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्टूबर को अन्नकूट पर्व पर दोपहर 11बजका 36 मिनट और यमुनोत्री धाम के कपाट 23 अक्टूबर को भैया दूज पर दोपहर 12:30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। कपाट बंद होने के बाद, अगले छह महीने तक भक्त मां गंगा के दर्शन मुखवा गांव और मां यमुना के दर्शन खरसाली गांव में कर सकेंगे। गंगोत्री धाम के रावल राजेश सेमवाल ने बताया कि कपाट बंद होने से पहले दीप दान से पूर्व मां गंगा जी को अर्ग चढ़ाया जाता है। उसके बाद सायं काल से दीपोत्सव मनाया जाएगा।

दीपावली हरिद्वार

दीपावली पर्व को लेकर हरिद्वार जिले के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। जगह–जगह बिजली की जगमग रोशनी, सजे हुए शोरूम और मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ नजर आ रही है। पारंपरिक रूप से दीपावली मनाने के लिए मिट्टी के दीयों की भी खूब बिक्री हो रही है। दीपावली को सुरक्षित बनाने के लिए फायर सर्विस भी तैनात है। इसके लिए जिले में 10 फायर टेंडर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा संकरी गलियों में मोटरसाइकिल यूनिट्स भी लगाई गई हैं। लगभग 100 फायर कर्मी और 16 वाहन जनपद में मुस्तैद हैं। प्रशासन और अग्निशमन विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने व्यापारियों से अपील की है कि वे पटाखों की दुकानें केवल निर्धारित स्थानों पर ही लगाएं, और भीड़भाड़ या संकरी गलियों में बिक्री न करें। साथ ही लोगों से आग्रह किया गया है कि बच्चों को अकेले पटाखे न जलाने दें और पानी की पर्याप्त व्यवस्था जरूर रखें।

बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनता तक राज्य सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुँचाने का आग्रह किया।

श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार जनता के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, और इन प्रयासों की जानकारी घर–घर तक पहुँचाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी लोग वोकल फॉर लोकल अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं तथा स्थानीय उत्पादों के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित करें।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों से जनता से संवाद बनाए रखने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के साथ सीधा संवाद ही जनसेवा का सबसे मजबूत माध्यम है, और यही लोकतंत्र की असली शक्ति भी है।

धरना समाप्त

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आश्वासन के बाद उत्तरकाशी स्वतंत्र पत्रकार स्व राजीव प्रताप के परिजनों ने देहरादून में धरना समाप्त कर दिया है।

कल देहरादून स्थित गांधी पार्क में स्व० प्रताप के परिजन अन्य समर्थकों के साथ धरने पर बैठे गए थे। मामले की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री ने एक्शन लेते हुए परिजनों से मुलाकात कर उनकी सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। बता दें कि 28 सितंबर को जोशियाडा झील से पत्रकार राजीव प्रताप का शव बरामद हुआ था।

गिरफ्तार

उत्तरकाशी जिले में गत देर रात्रि को नगरपालिका बड़कोट दीपावाली पर्व के दौरान सार्वजनिक स्थल क्षेत्र में शराब पीकर उपद्रव मचाने वाले 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनका 81 पुलिस एक्ट में चालान किया।

बता दें कि थानाध्यक्ष बडकोट दीपक कठैत के नेतृत्व में बडकोट पुलिस टीमें लगातार गश्त कर निगरानी कर रही है।